भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
**राज्य सभा**
लिखित प्रश्न सं. 3822
गुरूवार, 3 अप्रैल, 2025/13 चैत्र, 1947 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

**तमिलनाडु में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए वित्तीय सहायता**

**3822 श्री आर. गिरिराजन:**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि सरकार ने तमिलनाडु को पर्याप्त धनराशि आवंटित नहीं की है, जबकि तमिलनाडु देश में बड़ी संख्या में घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय पर्यटकों को आकर्षित करने वाले शीर्ष अग्रणी राज्यों में से एक है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं;

(ख) वर्ष 2019 से देश में पर्यटन, यात्रा और आतिथ्य क्षेत्र को कितना वित्तीय नुकसान हुआ है;

(ग) देश में विशेष रूप से तमिलनाडु में पर्यटन और आतिथ्य क्षेत्र को पुनर्जीवित करने के लिए सरकार द्वारा इस संबंध में क्या सक्रिय कदम उठाए गए हैं; और

(घ) पिछले पांच वर्षों में तमिलनाडु में विभिन्न पर्यटन विकास और अवसंरचना परियोजनाओं के लिए कुल कितनी धनराशि आवंटित की गई है?

**उत्तर**

**पर्यटन मंत्री** **(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) से (घ): पर्यटन स्थलों और उत्पादों का विकास एवं संवर्धन संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन द्वारा किया जाता है। पर्यटन मंत्रालय विभिन्न योजनाओं और पहलों के माध्यम से तमिलनाडु सहित देश के विभिन्न पर्यटन उत्पादों के विकास एवं संवर्धन द्वारा राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों के प्रयासों को संपूरित करता है।

पर्यटन मंत्रालय, 'स्वदेश दर्शन (एसडी)', जिसे अब स्वदेश दर्शन 2.0 (एसडी 2.0) के नाम से नया रूप दिया गया है, 'तीर्थस्थल जीर्णोद्धार एवं आध्यात्मिक, विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद)' और 'पर्यटन अवसंरचना विकास के लिए केंद्रीय एजेंसियों की सहायता' नामक अपनी केंद्रीय क्षेत्र की योजनाओं के माध्यम से तमिलनाडु राज्य सहित राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों/केंद्रीय एजेंसियों को वित्तीय सहायता प्रदान करके देश में पर्यटन अवसंरचना विकास के प्रयासों को संपूरित करता है।

इसके अतिरिक्त, भारत सरकार ने पूंजी निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता (एसएएससीआई योजना) - वैश्विक स्तर के प्रतिष्ठित पर्यटक केन्द्रों का विकास नामक योजना के तहत तमिलनाडु के लिए दो परियोजना स्वीकृत की है।

आतिथ्य सहित घरेलू संवर्धन और प्रचार (डीपीपीएच) योजना के तहत मेलों/महोत्सवों और पर्यटन संबंधी कार्यक्रमों के आयोजन के लिए भी तमिलनाडु राज्य को वित्तीय सहायता प्रदान की गई है।

उपर्युक्त योजनाओं के तहत तमिलनाडु राज्य के लिए स्वीकृत निधियों का विवरण **अनुबंध** में दिया गया है।

वर्ष 2019-20 के बाद सकल घरेलू उत्पाद में पर्यटन का योगदान निम्नानुसार है:

| | 2019-20 | 2020-21 | 2021-22 | 2022-23 |
|---|---|---|---|---|
| **सकल घरेलू उत्पाद में हिस्सेदारी (% में)** | 5.17 | 1.50 | 1.75 | 5.00 |
| **प्रत्यक्ष (% में)** | 2.69 | 0.78 | 0.91 | 2.60 |
| **अप्रत्यक्ष (% में)** | 2.48 | 0.72 | 0.84 | 2.40 |

नोट: उपरोक्त अनुमानों को एनएएस 2023 के अनुसार अद्यतन किया गया है। वर्ष 2020-21 और 2021-22 हेतु अनुमान, पर्यटन मंत्रालय के लिए एनसीएईआर द्वारा किए गए पर्यटन-कोरोना प्रभाव संबंधी अध्ययन में अपनाई गई पद्धति के अनुसार लगाया गया है।

पर्यटन मंत्रालय ने तमिलनाडु सहित देश में पर्यटन एवं आतिथ्य क्षेत्रों के नवीकरण के लिए निम्नलिखित सक्रिय कदम उठाए हैं:

i. पर्यटन मंत्रालय ने "कोविड प्रभावित पर्यटन सेवा क्षेत्र के लिए ऋण गारंटी योजना (एलजीएससीएटीएसएस)" शुरू की।
ii. मंत्रालय ने होटलों, रेस्तरां, बीएंडबी/होमस्टे और पर्यटन सेवाप्रदाताओं के लिए कोविड संबंधी सुरक्षा और स्वच्छता हेतु दिनांक 08.06.2020 को विस्तृत परिचालन दिशानिर्देश तैयार किए और जारी किए, ताकि कोविड-19 के बाद व्यवसाय को बहाल करने और सुचारू रूप से संचालित करने में आसानी हो।
iii. होटल, रेस्तरां, बीएंडबी और अन्य इकाइयों के सुरक्षित संचालन के लिए कोविड-19 और उसके बाद के संदर्भ में जारी दिशानिर्देशों/एसओपी के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए साथी (आतिथ्य उद्योग के लिए मूल्यांकन, जागरूकता और प्रशिक्षण हेतु पद्धति) नामक एक पहल विकसित की गई।
iv. कोविड-19 महामारी के कारण उत्पन्न स्थिति को देखते हुए, पर्यटन मंत्रालय ने स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के परामर्श से पर्यटन हितधारकों, होटलों और रेस्तरां को सुचारु रूप से व्यवसाय पुनः आरंभ करने में सुगमता हेतु निर्देश/दिशानिर्देश जारी किए।

*****

**अनुबंध**

श्री आर. गिरिराजन द्वारा तमिलनाडु में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए वित्तीय सहायता के संबंध में दिनांक 03.04.2025 को पूछे जाने वाले राज्य सभा के लिखित प्रश्न संख्या 3822 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में **विवरण**

**स्वदेश दर्शन योजना**

**(करोड़ रु. में)**

| क्र.सं. | परिपथ/स्वीकृति वर्ष | परियोजना का नाम | स्वीकृत राशि | जारी राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | तटीय परिपथ 2016-17 | (चेन्नई - मामल्लापुरम - रामेश्वरम - मानपाडु - कन्याकुमारी) का विकास | 73.13 | 71.03 |

**एसडी 2.0**

| क्र.सं. | गंतव्य | एक्सपीरियन्स का नाम | स्वीकृत लागत (करोड़ रु. में) | स्वीकृति की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | मामल्लापुरम | शोर मंदिर में इमर्सिव एक्सपीरियन्स | 30.02 | 29-02-2024 |

**प्रशाद योजना**

| क्र.सं. | परियोजना का नाम | स्वीकृति वर्ष | स्वीकृत लागत (करोड़ रु. में) | जारी राशि (करोड़ रु. में) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | कांचीपुरम का विकास | 2016-17 | 13.99 | 13.99 |
| 2. | वेलंकन्नी का विकास | 2016-17 | 4.86 | 4.86 |

**पर्यटन अवसंरचना विकास के लिए केंद्रीय एजेंसियों की सहायता योजना**

**(करोड़ रु. में)**

| क्र.सं. | परियोजना का नाम | केन्द्रीय एजेंसी | स्वीकृति वर्ष | स्वीकृत राशि | जारी राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | चेन्नई पोर्ट के मौजूदा यात्री टर्मिनल में क्रूज़ यात्री सुविधा केंद्र | चेन्नई पोर्ट ट्रस्ट | 2012-13 | 17.25 | 17.25 |
| 2. | रामेश्वरम रेलवे स्टेशन का संयुक्त विकास | रेल मंत्रालय | 2017-18 | 4.70 | 3.76 |
| 3. | मदुरै रेलवे स्टेशन का संयुक्त विकास | रेल मंत्रालय | 2018-19 | 4.48 | 3.56 |

**पूंजी निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता (एसएएससीआई योजना)-वैश्विक स्तर पर प्रतिष्ठित पर्यटन केन्द्रों का विकास**

**(करोड़ रु. में)**

| **क्र.सं.** | **परियोजना का नाम** | **स्वीकृत लागत** | **जारी राशि** |
|---|---|---|---|
| 1. | मामल्लापुरम में नंदवनम विरासत पार्क का विकास | 99.67 | 112.13 |
| 2. | देवला में फूलों का उद्यान | 70.23 | |

**पिछले पाँच वर्षों में मेलों, महोत्सवों तथा पर्यटन संबंधी आयोजनों के लिए तमिलनाडु सरकार को प्रदान की गई वित्तीय सहायता**

**(लाख रु. में)**

| **वर्ष** | **मेलों और महोत्सवों का नाम** | **स्वीकृत राशि** | **जारी राशि** |
|---|---|---|---|
| 2021-22 | मामल्लापुरम में भारत नृत्य महोत्सव | 25.00 | 25.00 |
| 2022-23 | मामल्लापुरम में भारत नृत्य महोत्सव | 25.00 | 25.00 |
| 2023-24 | मामल्लापुरम में भारत नृत्य महोत्सव | 25.00 | 25.00 |

*****